द संस्कार वैली, डीपीएस, आनंद विहार और बालभवन अंतिम-4 में

इंटर स्कूल जूनियर बास्केटबॉल : बालिका वर्ग में एसपीएस, द संस्कार वैली, डीपीएस नीलबड़ एवं सेंट जोसेफ ने जीते अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले

Basketball Tournament

स्पोर्ट्स रिपोर्टर |भोपाल

द संस्कार वैली, डीपीएस नीलबड़, आनंद विहार और बालभवन ने आईईएस इंटर स्कूल जूनियर बास्केटबॉल के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर शीर्ष-4 में अपनी जगह पक्की कर ली है।

आईईएस स्कूल कलखेड़ा के बास्केटबॉल कोर्ट पर गुरुवार को बालक वर्ग के क्वार्टर फाइनल में द संस्कार वैली ने सेंट जेवियर को 31-22 से हराया। वहीं डीपीएस नीलबड़ ने वर्ल्ड-वे स्कूल को 31-10 से हराया। तीसरे क्वार्टर फाइनल में आनंद विहार ने ओरिओन स्कूल को 18-5 से मात दी। अंतिम क्वार्टर फाइनल में बालभवन ने सेंट मैरी को 27-14 से पराजित किया। वही बालिका वर्ग में सागर पब्लिक स्कूल ने डीपीएस कोलार को 26-8 से पटखनी दी। अन्य मुकाबलों में द संस्कार वैली, डीपीएस नीलबड़ एवं सेंट जोसेफ की टीमें भी अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गई।